उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्या– 168 /01/डी0आर0/डिग्री/सेवा–02/2021–22 दिनांक 19 जनवरी, 2022

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021** के लिए विज्ञापन संख्या–A-1/डी0आर0/डिग्री/सेवा–2/ 2021–22 दिनांक 04 दिसम्बर, 2021 को प्रकाशित किया गया था, जिसके क्रम में दिनांक 24 दिसम्बर, 2021 तक पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किये गये है। उक्त विज्ञापन के बिन्दु सं0 05 में आयु सीमा दिनांक 01.07.2021 को 21 से 42 वर्ष निर्धारित की गयी थी।

2–शासनादेश संख्या–18/XXX(2)/2022-30(10)2019 दिनांक 06 जनवरी, 2022 में वैश्विक महामारी कोविड–19 के कारण सीधी भर्ती के समूह 'क' के पदों पर चयन वर्ष 2021–22 के लिए उच्चतम आयु सीमा में 01 वर्ष की छूट प्रदान की गयी है। उक्त शासनादेश के आलोक में असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के विज्ञापन के बिन्दु सं0 05 में वर्णित आयुसीमा में 01 वर्ष की छूट प्रदान करते हुए आयुसीमा 21 से 43 वर्ष अर्थात दिनांक 01.07.2021 को अभ्यर्थी की आयु 21 से 43 वर्ष निर्धारित की जाती है, जिसमें विभिन्न श्रेणियों/उपश्रेणियों को समय–समय पर प्रवृत्त शासनादेशनुसार प्रदत्त उच्चतम आयुसीमा में छूट अनुमन्य रहेगी।

3–इसके अतिरिक्त रिट याचिका संख्या–602(एस0बी0)/2021 नरेन्द्र सिंह व अन्य एवं रिट याचिका संख्या–603(एस0बी0)/2021 प्रेमा आर्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांक 24.12.2021 के आलोक में मा0 आयोग द्वारा ऐसे अभ्यर्थी जिनके स्तानक में 45 प्रतिशत से कम अंक है, उन्हें भी प्रश्नगत विज्ञापन के क्रम में आवेदन करने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। परन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को शार्टलिस्टिंग प्रक्रिया में स्कोर शासन से की गयी पृच्छा के प्रतिउत्तर के अनुसार प्रदान किया जायेगा।

उपरोक्त बिन्दुओं के परिप्रेक्ष्य में विज्ञापन संख्या–A-1/डी0आर0/डिग्री/सेवा–2/2021–22 दिनांक 04 दिसम्बर, 2021 में तद्नुसार संशोधन किया जाता है तथा विज्ञापन की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी। उक्त संशोधन के क्रम में पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी **दिनांक 20 जनवरी, 2022 से दिनांक 09 फरवरी, 2022** तक आयोग की बेवसाइट **www.ukpsc.gov.in** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

Sd /-

(एस0एल0 सेमवाल)
प्रभारी सचिव।